हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 25 जनवरी 2024

[भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर]

बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित हुई "एक दौड़ बेटियों के नाम"

बेटियों के लिए दौड़ी ट्विनसिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्विनसिटी ने बुधवार को बेटियों के नाम पर दौड़ लगाई। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित इस सद्भावना दौड़ में 1350 लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें बड़ी संख्या में बेटियां भी शामिल रही। एक दौड़ बेटियों के नाम थीम पर सेक्टर 9 हॉस्पिटल चौक से सद्भावना दौड़ शुरू हुई जो सिविक सेंटर तक आई। यहां से वापस हॉस्पिटल चौक लौटी। बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए सांसद, विधायक से लेकर प्रशासन के आला अफसरों पहुंचे।

कंपकंपाती ठंड में भी हौसले बुलंद

सेक्टर 9 चौक भिलाई में सुबह 8 बजे से सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया था। अलसुबह मौसम खुला था लेकिन सर्द हवाओं की वजह से कंपकंपाती ठंड थी। इसके बाद भी बेटियों के हौसले बुलंदी पर दिखा। बड़ी संख्या में ट्विनसिटी की बेटियां भागीदारी निभाने पहुंची। सफेद टी शर्ट पहनी हुई बेटियां और साथ में शहरवासियों ने दौड़ लगाई।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

सद्भावना दौड़ को आयोजित करने जिला महिला बाल विकास का मकसद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश लोगों तक पहुंचाना था। इस दौड़ के माध्यम लोगों को इसका संदेश भी पहुंचाया गया कि बेटियां देश की उन्नति में उतनी ही सहायक है जितना कि बेटे।

विधायक रिकेश ने बढ़ाया हौसला

कार्यक्रम में बालिकाओं की हौसला बढ़ाने बतौर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, महिला एवं बाल विकास सभापति ईश्वरी साहू, आईजी बद्रीनारायण मीणा, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, एडीएम अरविंद कुमार एक्का, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन, दुर्ग आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, अपर कलेक्टर गोकुल रावटे, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम मुकेश रावटे सहित नागरिक उपस्थित रहे।

सांसद विजय ने दिखाई हरी झंडी

मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (लोगो) का हाइड्रोजन बैलून उड़ाकर एवं रथ व दौड़ के प्रतिभागियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर "एक दौड़ बेटियों के नाम" कार्यक्रम में प्रतिभागी स्कूल शिक्षा विभाग की बालिकाएं, युवोदय दुर्ग के दूत, महाविद्यालय की छात्राएं एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित लगभग 1350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

डुलेश्वरी व महावीर रहे प्रथम

"एक दौड़ बेटियों के नाम" कार्यक्रम के विजेताओं को वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने पुरस्कार वितरण किया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान डुलेश्वरी साहू और बालक वर्ग में महावीर ने लिया। दोनों को 5,001 रूपये का चेक दिया गया। बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान तुलसी देवांगन को 3,001 रूपये , तृतीय स्थान प्रतिमा को 2,001 रूपये, चतुर्थ स्थान बेमिन को 1001 रूपये व पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी सुनीता मण्डावी को 1001 रुपए का चेक दिया गया। बालक वर्ग में द्वितीय स्थान अमित को 3,001 रुपए, तृतीय स्थान गौरव साहू को 2,001 रूपये का चेक तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में 50 प्रतिभागियों को ट्राफी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (लोगो) का प्रदान किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्ग अजय शर्मा ने आभार माना।

खबर संक्षेप

लोक महोत्सव आज से

सेलूद। ग्राम असोगा में दो दिवसीय रामायण के साथ लोक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह में सासंद विजय बघेल मुख्य अतिथि होंगे एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा जितेन्द्र वर्मा करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ गंगादीन साहू, शीतकरन महिलवार, धनराज साहू, निर्मल जैन होंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होगे। अध्यक्षता जिलापंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू एवं जनपद सदस्य रमनसिंह टिकरिहा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों उपस्थित रहेंगे।

संतोष हुए सम्मानित

भिलाई। श्री बालाजी मंदिर आंध्रा भवन सेक्टर-5 में श्री सांई नाथ जन सेवा समिति के छठवें स्थापना दिवस पर पत्रकार संतोष मलिक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के जी.माधव राव,के.राजू, राजू शामिल थे।

रामायण प्रतियोगिता कल से

जामगांव आर। बेलहारी और जामगांव आर में 26 से 28 जनवरी तक त्रिदिवसीय रामायण मेला महोत्सव का आयोजन रखा गया है।

आलबरस में जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का किया आयोजन

जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव और प्रदर्शनी में पशुपालक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पशु नस्ल सुधार के क्षेत्र में कार्य करने वाले पशुपालकों का किया उत्साहवर्धन

ग्राम पंचायत आलबरस में जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोबाईल वैन के माध्यम से कृत्रिम गर्भधान, फ्रीजिंग, माइक्रोस्कोप तथा अन्य दवाईयां वितरित की गई है। शासन द्वारा जिले में कुल 5 मोबाईल वैन आबंटित हुई है। जिससे सभी ग्राम पंचायतों में पशुओं का ईलाज किया जा रहा है। प्रदर्शनी के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया गया। शिविर में 15 गांव के किसान भी शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल ने कहा कि कबड्डी खेल में आलबरस से पुराना नाता रहा है। उन्होंने कहा कि आलबरस सहित आसपास क्षेत्र तांदुला, खरखरा और शिवनाथ नदी के तट पर स्थित है और यह फसल और पशुपालकों के लिए उपयुक्त है। इस दौरान कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पशुविभाग उपसंचालक सुदीप प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य दुर्ग माया बेलचंदन, अध्यक्ष जनपद पंचायत पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, हरेन्द्र देव धृतलहरे, सभापति पशु पालन समिति, आशा देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस, सरपंच ग्राम पंचायत निकुम मुक्ती सुधाकर, सरपंच तिरगा घसिया राम देशमुख, पूर्व जिला पंचायत दुर्ग माधव प्रसाद देशमुख, नन्द कुमार साहू, लिकेश्वर देशमुख, मण्डल अध्यक्ष भाजपायुमो आलबरस लक्ष्मण देशमुख, रोशन देशमुख पूर्व उपसरपंचग्राम पंचायत आलबरस सहित आसपास के ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस दौरान उगत नस्ल बछड़ा वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम रोशन देशमुख, द्वितीय लिंकेश्वर देशमुख, तृतीय श्रीदेवी देशमुख का हुआ पुरस्कृत किया गया।

गणतंत्र दिवस मनाने चल रही है तैयारी, बिखरेगी सांस्कृतिक छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को मनाने स्कूलों में विशेष तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। इस गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यार्थी अपनी सांस्कृतिक छटाओं को स्कूल प्लेटफार्म में प्रदर्शित करने के लिए रिहर्सल कर रहे है। अयोध्या में अब रामलला प्रतिष्ठा के बाद गणतंत्र दिवस का उल्लास व देश भक्ति लोगो में छाएगी। संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में प्राचार्य हेडमास्टर ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस पर शुष्क मौसम होने के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पालक एवं ग्रामीणों की संख्या अधिक होती है। संकुल के सभी स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम देने के लिए तैयारी कर रहे है।

- गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य, हेडमास्टर करेंगे ध्वजारोहण

सांस्कृतिक समारोह होगा

सेजस प्राचार्य राजेश पिल्लई, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि प्रभात फेरी के बाद सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन बच्चे करेंगे। जामगांव आर ग्राम पंचायत में सरपंच राजकुमार ठाकुर, कुम्हली ग्राम पंचायत में सरपंच डोमार साहू ध्वजारोहण करेंगे।

विद्यार्थी गायन व नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन करेंगे

सांस्कृतिक प्रभारी भूमिका साहू ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थी गायन एवं नृत्य मंचन वाद्ययंत्रों से ताल मिलाते हुए प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि रिकार्डिंग डांस विद्यालय में वर्जित है। भूमिका ने कहा कि रिकार्डिंग गायन उपयोग में नही लाने से बच्चो में गायन कला भी विकसित होती है।

महिला सफाई कर्मी दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह में करेंगी शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नगर पालिका कुम्हारी की महिला सफाई कर्मी 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड समारोह में शिरकत करेंगी। चयनित स्व-सहायता समूह की शोभा चक्रधारी पिछले कई वर्षों से नगर पालिका में सफाई सुपर वाइजर का कार्य कर रही हैं। भारत सरकार द्वारा चयनित शोभा को गणतंत्र दिवस परेड में विभागीय खर्च पर दिल्ली ले जाया जायेगा। स्व-सहायता समूह की शोभा का चयन होने के बाद वे काफी खुश हैं। चयन कर गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए केंद्र सरकार ने आमंत्रित किया है। शोभा का चयन होने पर नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा ने शुभकामनाएं दी है। नगर पालिक कुम्हारी की स्व-सहायता समूह की महिला शोभा दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगी।

निकाली गई शोभायात्रा, राम भक्ति में सराबोर हुए लोग

कुम्हारी। अयोध्या के भव्य मंदिर में हुए रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की खुशी मनाते हुए स्थानीय रामभक्तों ने भी नगर में शोभायात्रा निकालकर दीप जलाए। वार्ड क्र 15 के मंदिर में महिला समिति द्वारा सुंदरकांड का पाठ व अखंड रामायण का पाठ किया गया।

शाम को दीपोत्सव, आरती एवं अतिशबाजी व महाभंडारा का आयोजन किया गया। आयोजन में उपस्थित हुए सांसद विजय बघेल ने सभी को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने की शुभकामनाएं दी। मंदिर में 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित किये गए। कार्यक्रम का संचालन अनुराग गुप्ता ने किया। रामनगर में लोगों ने शोभायात्रा निकालकर शाम को 2100 दीप जलाए एवं आतिशबाज़ी की। प्रभात चौक स्थित गायत्री मंदिर में प्रभात युवा मंच के तत्वावधान में 5001 दीप जलाए गए। इस आयोजन में राज शर्मा, राजेश सिन्हा, अजय सिन्हा, दीपक राजपूत, पवन सोनकर, मणिलाल साहू, बैजुराम साहू, नवीन सिंह, संतोष वर्मा, मिथलेश साहू एवं भुवन साहू में अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन लेखराम गेंडरे ने किया। खारुन ग्रीन्स कॉलोनी स्थित कुबेश्वर मंदिर में महिला समिति द्वारा रामायण पाठ किया गया। वार्ड 10 शंकर नगर में भी विशाल शोभायात्रा निकाली गई। स्टेशन चौक स्थित राम मंदिर का वर्षों बाद पुनः जीर्णोद्धार कर सजाया गया। कांजी हाउस स्थित हनुमान मंदिर को भी रौशनी से सजाकर शाम को भंडारा का आयोजन किया गया।

क्राइम की खबरें

मंदिर में तोड़फोड़, बिल्डर के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जेसीबी से मंदिर को तोड़फोड़ कर धार्मिक भावना को ठेस पहुचाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 295, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि शांतिकुंज रिसाली सड़क 19 डी प्लाट 18 नेवई निवासी विनय सिंह ने शिकायत किया है कि रिसालीवासियों द्वारा एक मंदिर का निर्माण कराया था। जिसे धनोरा निवासी राकेश सिंह, एएन सिंह द्वारा जेसीबी से मंदिर को तोड़फोड़ कर उखाड दिया है। मंदिर 19 सी और 19 डी के बीच खाली जगह में कालोनीवासियों द्वारा भगवान शिव और राम की स्थापना की गई थी। लेकिन जिस जगह पर 22 जनवरी को मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रखा गया था। वह नजूल की जमीन होना बताया गया है। लेकिन राकेश सिंह और एएन सिंह ने अपना बताकर जेसीबी से मंदिर में तोड़फोड़ कर दिया है। घटना की जानकारी लगने पर पचवारी और तहसीलदार मौके पर पहुचे थे। घटना का जायजा भी लिया गया। राकेश, एएन सिंह जाने माने बिल्डर है। बताया गया है कि इनके द्वारा कल्पतरु, शांति वाटिका, कल्प कृति जैसे बड़े अपार्टमेंट बनाया गया है। भिलाई तीन में भी इनका बड़ा प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। कालोनी वासियों ने पूजा पाठ के लिए उक्त मंदिर का निर्माण किया गया। लेकिन बिल्डर भाईयों ने मिलकर मंदिर को पूरी तर उखाडकर फेंक दिया दिया। जिससे धार्मिक भावना को ठेस पहुचा है।खबर लिखे जाने तक पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार नहीं किया है।

सेल दिवस पर दौड़ा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल स्थापना दिवस पर इस्पातनगरी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह 8 बजे से जयंती स्टेडियमए में 5 किमी पैदल चालदौड़ रन फार सेल का आयोजन किया गया। इसमें सेल व शिक्षण संस्थाओं के 2000 से भी अधिक लोग शामिल हुए। बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनर्बिन दासगुप्ता सहित सेल के स्वतंत्र निदेशक श्री अशोक कुमार त्रिपाठी एवं स्वतंत्र निदेशक कन्हैया सारदा ने सेल की झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, डां. अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, सीएमओ डॉ. एम रविंद्रनाथ जीएम संदीप माथुर, सूरज कुमार सोनी व ओए अध्यक्ष एनके बंछोर तथा महासचिवपरविंदर सिंह उपस्थित थे। श्री दासगुप्ताने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन व अनिरुद्ध ने किया।

आज मनाई जाएगी गुरु घासीदास की जयंती

पाटन। तहसील सतनामी समाज पाटन के तत्वावधान में आज छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर तहसील सतनामी समाज पाटन के सतनाम भवन बठेना रोड पाटन में बाबा घासीदास की जयंती मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता चरोदा भिलाई 3 के महापौर निर्मला कोसरे करेंगे। छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ के सतनामी समाज की अध्यक्ष पार्वती कुर्रे, केपी खांडेकर सहित अन्य जन उपस्थित रहेंगे। तहसील सतनामी समाज के अध्यक्ष संतराम कुर्रे ने बताया है कि दोपहर 12 बजे से पाटन नगर में प्रभात फेरी पंथी नृत्य के माध्यम से निकाली जाएगी। इस आयोजन की तैयारी में समाज के अध्यक्ष संतरामपुर, उपाध्यक्ष पवन डाहरे, उपाध्यक्ष राजकुमार बघेल, महासचिव दुर्गेश पाटिल, सचिव शिवनाथ बंजारे सहित अन्य जन तैयारी में लगे हुए है।

करारी सतरंगी जलेबी का विमोचन

भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई में पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ स्व एनसी दास की पुत्री डॉ सुजाता दास की बच्चों पर केन्द्रित कृति करारी सतरंगी जलेबी पुस्तक का विमोचन सिविक सेंटर स्थित आईसीएआई भवन में में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग रामगोपाल गर्ग, आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र वरिष्ठ इतिहासकार रायपुर, गिरिश पंकज वरिष्ठ साहित्यकार, रंगकर्मी व संपादक नरेन्द्र सिंह परिहार, अति पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, कला जगत से रविशचंद्र कालगाँवकर व सीए प्रदीप पाल मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर की गई। डॉ सुजाता दास ने कृति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डायमंड पब्लिकेशन, दिल्ली से प्रकाशित बच्चों पर केन्द्रित रंगीन काव्य कृति है। प्रत्येक कविता के माध्यम से कुछ संदेश देने का प्रयास किया गया है। कृति के लिये चित्रांकन भी कवियत्री द्वारा ही किया गया है जिसके लिए उनके बड़े भाई संतोष दास ने प्रेरित किया था।

- डॉ. सुजाता दास ने किया बच्चों पर केंद्रीत रंगीन काव्य कृति का चित्रांकन

सब इंस्पेक्टर के मकान में चोरी

भिलाई। महिला सब इंस्पेक्टर के मकान से अज्ञात ने नगदी और सोना चांदी के जेवरात को चोरी कर फरार हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक ओम नगर उरला निवासी कमला यादव पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर पद पर पदस्थ है। उनकी बेटी की शादी फरवरी में होने वाली है। घर में 3 लाख कैश और सोना चांदी के जेवरात पड़े थे। शादी की तैयारी में पूरा परिवार जुटा हुआ था। कमला यादव टाटा नागपुर अपनी बेटी के पास गई हुई है। बीती रात मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने नगदी और कैश चोरी कर चोर फरार हो गया। घटना के दौरान मकान में कोई नहीं था। कमला यादव का बेटा काम पर गय हुआ था। उसके आने के बाद ही घटना की जानकारी परिजनों को हो पाई। मकान के भीतर घुसते ही सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मोहन नगर पुलिस की लापरवाही इतनी हो गई है कि अब अपने विभाग के कर्मी का मकान तक सुरक्षित नहीं रहा है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। महिला पुलिस कर्मी बालोद में पदस्थ है। पुलिस ने सीसी कैमरे से फूटेज निकाला है जिसमें चोरी की वारदात का सारा डाटा है। उसी के सहारे पुलिस आरोपी तक पहुचेगी।

विवाहिता की मौत, पति गिरफ्तार

भिलाई। दहेज को लेकर प्रताडित विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धारा 304 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि राम नगर निवासी योगिता साहू 14 जनवरी को कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शिकायत पर पुलिस जांच में लिया था। जिसमें पता चला कि पति विजय साहू दहेज के लिए योहिता को पांच वर्षो से दहेज के लिए प्रताड़ित किया करता था। योगिता का शादी सामाजिक रीति रिवाज के साथ वर्ष 2019 को विजय के साथ संपन्न हुआ था। शादी के बाद से योगिता अपने घर पर रह रही थी। लेकिन पति विजय दहेज के लिए लगातार प्रताड़ति करता था। अपने मायके से सोना-चांदी के जेवरात, बाइक लाने के लिए तंग करता था। इससे परेशान होकर फांसी लगाकर योगिता ने आत्महत्या कर लिया था।

समय व खर्च बचाने एक मंच पर जुटेंगे झेरिया यादव समाज के युवक-युवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्रमांक 5066 रायपुर महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय युवक.युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

- राजधानी रायपुर में 28 को होगा परिचय सम्मेलन व आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम

प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए समाज के प्रदेश सचिव एवं रायपुर महानगर अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन राजधानी रायपुर के महादेव घाट रायपुरा स्थित प्रदेश कार्यालय एवं सामाजिक भवन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विवाह में लगातार बढ़ते खर्च से समाज के लोगों को मुक्ति दिलाने एवं रश्तिों की खोज में लगने वाले समय व धन की बचत के लिए युवक.युवती परिचय सम्मेलन व आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अभी तक 11 जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका है तथा इच्छुक परिजन पंजीयन करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के साथ प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन तथा मेधावी छात्र.छात्राओं और सामाजिक विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा। समाज के महानगर अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि इस दौरान 11 जोड़ों का निरूशुल्क आदर्श विवाह भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधान कार्यलय महादेव घाट रायपुरा में 76 लाख रुपए की लागत से नर्मिति सर्व सुविधा युक्त 14 कमरों वाले छात्रावासए 7 दुकानों का शॉपिंग कांप्लेक्सए 4600 वर्ग फीट के बहुउद्देशीय सभागारए प्रबंधकारिणी समिति बैठक कक्षए कार्यालय कक्षए 2 रसोई कक्ष एवं सुविधा युक्त स्नानागार का लोकार्पण भी 28 जनवरी रविवार को किया जाएगा। सुंदरलाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम प्रातरू 11 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव होंगेए अध्यक्षता समाज के रायपुर महानगर अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महिला शाखा प्रदेश अध्यक्ष आशा संतोष यादव प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादवए कोषाध्यक्ष जीआर यादवए संयुक्त सचिव मनोज यादवए प्रबंधकारिणी सदस्य डीआर यादव एवं रंजीत यादवए संरक्षक जगतराम यादवए सुकालुरामए दशरथ लाल यादव सहित प्रदेश एवं जिलास्तर तथा रायपुर महानगर इकाई के पदाधिकारी विशेष रूप से शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में महानगर इकाई एवं महिला इकाई के सभी पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

दुर्ग कोतवाली और सुपेला पुलिस ने नाबालिग को खोज निकाला

भिलाई। साइबर प्रहरी अभियान के तहत कोतवाली दुर्ग पुलिस ने लापता हुई नाबालिग को सुरक्षित खोज निकाला है। दुर्ग कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि फोन से सूचना मिली कि 11 वर्ष की नाबालिग चंडी मंदिर दुर्ग के पास अकेले भटकते हुए मिली। जिसका नाम पूछने पर अपना नाम बता रही थी। लेकिन माता-पिता का नाम नहीं बता पा रही थी। अपनी नानी का घर गाड़ाडीह पाटन का होना बताया। नाबालिग बालिका को थाना लाया गया। टीआई महेश ध्रुव ने तुरंत सूचना को सोशल मीडिया पर वायरल किया गया उसके बाद परिजन की पता-तलाश करने थाने पहुचे थे। एसएसपी राम गोपाल गर्ग के द्वारा जिले में पुलिस सायबर प्रहरी एप का विमोचन करने के बाद पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने बीट प्रहरी ग्रुपों में नाबालिग का फोटो को भेजा गया। इस पर महिला आरक्षक अनिता भास्कर ने वार्ड 56 बघेरा सायबर प्रहरी गुप में भी फोटो वायरल किया था। तब नाबालिग की शिनाख्त हो पाई और परिजन थाने पहुचे तब उनकी बेटी को परिजनों को सौंपा गया। परिजनों ने दुर्ग पुलिस का आभार जताया है। वहीं सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि लापता बालिका जिला बलांगीर ओडिशा सकुशल खोजकर परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है। अब तक ऑपरेशन मुस्कान के तहत सुपेला पुलिस ने 32 को बालक बालिका को खोजा है। प्रियदर्शनी परिसर सुपेला निवासी किशोरी 20 दिसंबर 2012 की शाम घर में बिना बताये गायब हो गई थी। परिजनों ने आसपास खोजबीन करने के बाद सुपेला में अपहरण का मामला दर्ज कराया। किशोरी की खोजबीन पुलिस लगातार कर रही थी तभी सूचना मिली कि ग्राम डुमेरपारा खैरा जिला बलांगीर (ओडिशा) के आस पास निवास कर रही है। विभाग की सउनि खुशबू वर्मा के नेतृत्व में टीम बनाई गई और उडिसा से किशोरी को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया है।

भेडकाऊ पोस्ट, जुर्म दर्ज

भिलाई। राम लला को प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जा रहा था। तभी एक युवक अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में भड़काऊ पोस्ट डाला था। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई। शिकात पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 295 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि 22 जनवरी को इंस्टाग्राम आईडी में किसी रेहान किंग यानी रेहान खान नामक युवक ने धार्मिक बावना को ठेस पहुचाने वाला पोस्ट किया था। उस पेज को जैके शाबिर, आतिफ सूफी जैसे युवकों ने अपने पेज में शेयर भी किया। जिसकी शिकायत विश्व हिंदू परिषद (बजरंग दल) के सेवा प्रमुख जितेश सिंह ने पुलिस से किया। जितेश के मुताबिक युवक ने इंस्टाग्राम सोशल मीडिया साइट में भड़काऊ पोस्ट किया। पूरे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उसने बताया कि डाले गए पोस्ट में बाबरी मस्जिद की फोटो के साथ अपना फोटो डाला था। उस फोटो के नीचे उर्दू में कुछ लिखा है। साथ ही उसके नीचे अंग्रेजी में लिखा गया था।

जंजगिरी में चेक डेम का किया गया भूमिपूजन

अंडा। जंजगिरी नाला में जल संरक्षण एवं कृषि भूमि की सिंचाई कार्य के लिए चेक डेम कार्य का भूमिपूजन किया गया। सरपंच प्रतिनिधि अजय चतुर्वेदी ने बताया कि बहुत समय से किसानों की मांग रही है कि सिंचाई के लिए एक चेक डेम की ज़रूरत है। इस कार्य से किसानों में एवं ग्रामीणों में उत्साह है।

इस अवसर पर सरपंच रेखा चतुर्वेदी, पंचगण मंजू देशमुख, सुनीता साहू, तामेश यादव, कपिल देशमुख, राधेश्याम देशमुख, ग्रामीणजनों में गौकरण साहू, चंदू देशमुख, नंदू देशमुख उपस्थित रहे।

5001 दीपों से की गई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- हम हिंदुस्तानी मंच ने किया राम भक्तों को सम्मानित

अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक भाजपा व हम हिंदुस्तानी मंच के संस्थापक डॉ प्रदीप चौधरी द्वारा सेक्टर 10 में 5001 दीपों से जय श्री राम लिखकर दीप प्रज्वलन किया गया। उसके बाद महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्री राम के भक्त उपस्थित हुए। इस दौरान कार सेवकों का सम्मान शॉल व श्रीफल देकर किया गया। साथ ही भजन संध्या की प्रस्तुति से वातावरण भक्ति में सराबोर हो गया। इस दौरान पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश बृजपुरिया, महामंत्री योगेंद्र सिंह, दीपक साहू, उपनेता प्रतिपक्ष निगम दया सिंह, भागचंद जैन ने दीप प्रज्वलन कर सभी को प्रभु राम के आदर्शों का पालन करने प्रेरित किया। इस अवसर पर आरएसएस से देशदीपक सिंह, अंजनी द्विवेदी, हिंदू जनजागृति से हेमंत कानसकर, महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ संध्या चौधरी, डॉ आरती चौधरी, डॉ अनुज खरे, सुभद्रा सिंग, उपासना साहू, ज़ाकिर अंसारी, डॉ नीरज शर्मा सहित काफी बड़ी संख्या में हम हिंदुस्तानी मंच के सदस्य व राम भक्त उपस्थित थे।

आम सूचना

(वाके मौजा ग्राम बोरई, प.ह.नं.-03/01, रा.नि.मं. दुर्ग-2 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं.-935/3, 935/1 एवं 976 रकबा क्रमशः 0.900 हे., 0.900 हे. एवं 0.130 हे. कुल रकबा 1.930 हे. भूमि जिसकी ऋण पुस्तिका क्रमांक पी./1895421 के क्रय के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामशरण यादव आ. स्व. बिसौहा यादव, उम्र लगभग 70 वर्ष, निवासी कर्मचारी नगर दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने वाके मौजा ग्राम बोरई, प.ह.नं.-03/01, रा.नि.मं. दुर्ग-2 तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.) में स्थित भूमि खसरा नं.- 935/3, 935/1 एवं 976 रकबा क्रमशः 0.900 है., 0. 900 हे. एवं 0.130 हे. कुल रकबा 1.930 हे. भूमि जिसकी ऋण पुस्तिका क्रमांक पी. /1895421 को भूमि स्वामी श्रीमती भोज बाई ध.प. स्व. पोखराज निवासी नया पारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं अधिपत्य की है को खरीदने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है मात्र पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के स्वामित्व अधिपत्य के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण, शासन, प्रशासन, साहूकार, आदि को उक्त संव्यवहार व उनके किसी भाग पर उजर, दावा व आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के अंदर समस्त मय दस्तावेज अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का बयनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा बाद म्याद की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से मेरे पक्षकार पर बंधकारी नहीं होगी।

अतः सो सूचना जानें।

दुर्ग
दिनांक- 24/01/2024

रमन सिंह
अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 8839801739

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह तहसील व जिला-दुर्ग

आम सूचना

विषय :- सीमांकन बाबत।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार दुर्ग आदेश क्र. अ/12 दिनांक .... के आदेशानुसार आवेदक श्री विपुल टोप्पे आ. स्व. अशोक मुकुंद टोप्पे निवासी तितुरडीह ग्राम तितुरडीह प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 121/4, 121/2, 121/3, 122/298, 121/5 रकबा ... हे. का सीमांकन दिनांक 07/02/2024 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आऊट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक 23/01/2024

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह

श्रीराम लला जन्मभूमि को
प्राण प्रतिष्ठा
की समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई!
माता कौशल्या लल्ला
छत्तीसगढ़ भांचा राम
गर्भस्थ जामगांव आर, ब्लॉक की ओर से
विश्व में सर्वत्र निवासरत राम भक्तो एवम देश शुभ चिंतकों को राम लला प्रतिष्ठा की बधाई
रामलला प्रतिष्ठा के बाद प्रथम गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 की अग्रिम बधाई हार्दिक शुभ कामनाएं
मा. नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री भारत सरकार
मा. जे.पी. नड्डा जी राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा
मा. किरण देव जी प्रदेशाध्यक्ष भाजपा छ.ग.
मा. विष्णुदेव साय जी मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. विजय बघेल जी सांसद दुर्ग
मा. अरूण साव जी उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. विजय शर्मा जी गृह मंत्री छ.ग. शासन
मा. बृजमोहन अग्रवाल जी शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन
मा. राम विचार नेताम जी किसान कल्याण मंत्री छ.ग. शासन
मा. केदार कश्यप जी सहकारिता मंत्री छ.ग. शासन
मा. ओ.पी. चौधरी जी वित्त मंत्री छ.ग. शासन
मा. लखनलाल देवांगन जी वाणिज्य, उद्योग मंत्री छ.ग. शासन
मा. दयालदास बघेल जी खाद्य मंत्री छ.ग. शासन
मा. रामबिहारी जायसवाल जी लोक स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन
मा. टंकराम वर्मा जी राजस्व मंत्री छ.ग. शासन
मा. लक्ष्मी राजवाड़े जी महिला एवं बाल विकास मंत्री
मा. जितेन्द्र वर्मा जी दुर्ग जिलाध्यक्ष भाजपा
500 साल बाद अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की स्वर्णिम शुभ घड़ी 22 जनवरी 2024 को आयी, सबका साथ सबका विश्वास अर्जित करने वाले देशभक्त तपस्वी
भारत माता के सच्चे सपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सहित सभी देशप्रेमियो को बधाई
रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद राममय भारत के पावन
गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 की अग्रिम बधाई हार्दिक शुभकामनाये
टेसराम साहू
उपाध्यक्ष
दक्षिण पाटन भाजपा मंडल
नरेश केला
पूर्व कोषाध्यक्ष
दक्षिण पाटन भाजपा मंडल
प्रमोद जैन
पूर्व महामंत्री
दक्षिण पाटन भाजपा मंडल
तेजेंद्र पिपरिया
महामंत्री
पाटन भाजपा मंडल
लालेश्वर साहू
अध्यक्ष
दक्षिण पाटन भाजपा मंडल
कमलेश साहू
अध्यक्ष
दक्षिण पाटन किसान मोर्चा भा. मंडल
अंगेश्वर साहू
उपाध्यक्ष
दक्षिण पाटन भाजपा मंडल
खेमलाल देशलहरे
वरिष्ठ भाजपा नेता
पूर्व ज.उपाध्यक्ष ग्रा.पं. टेमरी सरपंच
उपाध्यक्ष - डॉ. हिमाचल साहू, ईश्वर यादव, अनुप चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष : निर्मल जैन, मंत्री : रामकुमार चन्द्राकर, मेघनाथ सागरवंशी, तीरथ पटेल, श्रीमती गायत्री यादव, श्रीमती मंजूलता अंगारे,
कार्यकारिणी सदस्य : अरूण चन्द्राकर, दुर्गा चन्द्राकर, मिथुन चन्द्राकर, होरीलाल वर्मा, कृष्णा साहू, आनंद चंदन, संजय चन्द्राकर, कल्याण यादव, दानीराम वर्मा, भरत साहू, मुरली वैष्णव
ग्राम पंचायत कुम्हली की ओर से रामलला अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा
22 जनवरी 2024 की बधाई बधाई बधाई
गणतंत्र पर्व 2024 की अग्रिम बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
कुम्हलेश्वर महादेव को करते है दंडवत प्रणाम
500 साल बाद अयोध्या मंदिर में बिराजे प्रभु राम
मर्यादमय धैयर्ता पूर्वक आगे बढ़ो बनेंगे सब काम
22 जनवरी 24 को राम लला से मिला यह पैगाम
डोमार सिंह साहू
सरपंच
धनेश्वर साहू
उपसरपंच
गेंदलाल साहू
सचिव
पंचगण
खेदन बाई
लक्ष्मीनारायण
तेजेन्द्र साहू
हरिश चंद्र
लीला यदु
परमिला साहू
भुखन साहू
पुष्पांजली साहू
दानेश्वरी सपहा
कुसुम साहू
खिलेश्वरी साहू
परदेशी चन्द्राकर
पैमन कुमार
कम्प्युटर आपरेटर
विनीत - ग्राम पंचायत कुम्हली वि.खं. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मा. विजय बघेल
सांसद दुर्ग
मा. जीत हेमचंद यादव
अध्यक्ष
दुर्ग जिला भाजपा युवा मोर्चा
मा. लालेश्वर साहू
अध्यक्ष
दक्षिण पाटन भापजा मंडल
भारतीय जनता युवा मोर्चा द. पाटन मंडल की ओर से
तारणहार भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा की
बधाई... बधाई... बधाई...
गणतंत्र दिवस 2024
की अग्रिम बधाई
हार्दिक शुभकामनाएं
रामलला ने सबका मन भाया है
अयोध्या प्रतिष्ठा ने भारत का मान बढ़ाया है।
अशांत होकर कोई नहीं भटके
राम लला ने मर्यादा धैर्यता की राह दिखाया है
नारद साहू
अध्यक्ष
भाजपा युवा मोर्चा
दक्षिण पाटन मंडल
ग्राम पंचायत जामगांव आर की ओर से
रामलला अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा की बधाई
गणतंत्र दिवस 2024 की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजकुमार ठाकुर
सरपंच
देवकी चन्द्राकर
उपसरपंच
नरेश महतो
सचिव
पंचगण
दाउदास मानिकपुरी
पुरूषोत्तम भिंगज
तीरथ चंद्राकर
ज्योतिष यादव
राधेश्याम राठी
दुर्गेश ठाकुर
प्रदीप निर्मलकर
रोमल साहू
नंदिनी साहू
सुषमा साहू
भानमती साहू
प्रभा ठाकुर
सुशीला निर्मलकर
संगीता डहरे
लोमश साहू
सोनकुंवर साहू
दिनेश्वरी साहू
रोजगार सहायक
संतोष कुमार
भृत्य
नेहरू चंद्राकर
नल ऑपरेटर
लिकेश श्रीवास
कम्प्युटर ऑपरेटर
शरद साहू
भृत्य
विनीत - ग्राम पंचायत जामगांव आर वि.खं. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
22 जनवरी 2024 को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा भगवान राम, सबके बने काम,जग में सदा जगमगाता रहे भारत माँ का नाम, बधाई... बधाई... बधाई...
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की अग्रिम बधाई हार्दिक शुभकामनाएं...
माँ परमेश्वरी ज्वेलर्स
(पी.डब्ल्यू.डी. के सामने), जामगांव आर
चांदी, सोना के लेटेस्ट
आभूषणों का लाज बाब केन्द्र
कोमल देवांगन हार्डवेयर
रानीतराई की अभिनव पहल
मनीष देवांगन
(संचालक)
500 वर्षो के इतिहास में रामलला के भक्तों ने जो कुर्बानी दी उन्हे नमन-नमन-शत्-शत् नमन...
देश भर में मनी दीवाली, गांव शहर में राम नाम गूंज उठा
विश्व निहारता रहा राम की महिमा, 22 जनवरी 2024 एक नया इतिहास लिखा
राम का ननिहाल छत्तीसगढ़ भी निहाल हुआ, 500 वर्षो के वनवास के बाद
कलयुग में भी त्रेतायुग जैसा दृश्य दिखाए राम, आस्था की सैलाब उठी सरयू भी चहक उठी
अयोध्या का कोना कोना महक उठा, सर्वत्र गूंज उठी जय श्री राम जय श्री राम
माँ हीराबेन के हीरे जैसे लाल नेकर दिया कमाल, 84 सेकंड के अभिजीत मुहूर्त में हुई प्राण प्रतिष्ठा
चारो ओर गूंज उठा जय श्री राम जय श्री राम
संकलनकर्ता- आसकरण जैन (वरिष्ठ पत्रकार) जामगांव आर, मो. 9406268237
विनीत : रामभक्त, समाजसेवी

खबर संक्षेप

मंच ने जलाए जयश्री राम के नाम 11 सौ दीप

दुर्ग। छत्तीसगढ़ मंच ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पुराना बस स्टैंड में ग्यारह सौ दीप जलाई गई। राममय भजनों की प्रस्तुति दी। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं दिनेश जैन ने बताया कि दीप प्रज्वलन मंच के संरक्षक रमन सिंह, तुलसी सोनी, मेघराज सुराना, समाजसेवी रघुनंदन लाल श्रीवास्तव, चंद्रीकादत चंद्राकर, किरण भाई, राजू ठाकुर, सुभाष यादव, निक्कू मनहरे, विकास पुरोहित, दादा एवं उपस्थित राम भक्तों के सानिध्य में किया गया। ग्यारह सौ दीपों से दीए की आकृति एवं जय श्री राम नाम प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर रमन सिंह, तुलसी सोनी, सुनील श्रीवास्तव, हरीश सोनी ने श्री राम एवम अन्य भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन तुलसी सोनी ने व आभार प्रदर्शन मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

गणपति विहार रहा राममय

दुर्ग। स्थानीय बोरसी स्थित गणपति विहार कॉलोनी में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न आयोजन किए गए। पूरी कॉलोनी रामभक्ति में सराबोर रही। सुबह से ही झण्डे, पताके-तोरण से सजाया गया। कॉलोनी के फेज-4 में विशेष आयोजन किया गया। राम दर्शन पर रंगोली का निर्माण किया गया था। इस अवसर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 49 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रभात फेरी एवं दीप रैली निकाली गई। पूजा अर्जना के साथ भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। एसके साव, ललित उपाध्याय, अवनीष त्रिपाठी, श्रीमती गुप्ता ने भजनों की प्रस्तुति दी। कु. तनिष्का साहू ने मेरे राम आए हैं पर बेहतर नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के आयोजन में नवीन तिवारी ने सराहनीय योगदान दिया। अंत में भोजन-प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुथरेल थाना अण्डा तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी श्रीमती पूजा साहू की विगत 27 मार्च 2017 को आग से जलने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्वण श्रीमती पूजा साहू की सांस श्रीमती केकती साहू को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

कक्ष निर्माण के लिए 5 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत सांसद विजय बघेल की अनुशंसा पर ग्राम अरसनारा में सरस्वती शिशु मंदिर के पास कक्ष निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह के लिए विभाग को नहीं मिल रहे जोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को वैवाहिक जोडे नही मिल पा रहे है। जिसके चलते अधिकारियों को टारगेट पूरा करने में पसीने बहाने पड रहे है। विभाग को दिए गए 320 के टारगेट में अब तक सिर्फ 130 जोडो का ही योजना के तहत विवाह कराया गया है।

मिली जानकारी अनुसार मुख्यमत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत गरीब युवतियों का विवाह कराया जाता है। इसके लिए एक अप्रैल 2024 से पच्चीस हजार के जगह राज्य शासन ने राशि पचास हजार कर दिया है। इधर विधानसभा चुनाव के चलते विभाग को टारगेट पूरा करने में परेशानी का सामना करना पडा।

वही आगामी दिनों लोकसभा चुनाव के पहले टारगेट पूरा करने अफसर भरकस प्रयास कर रहे है। जिले के आठ परियोजना में वैवाहिक जोडे खोजने की प्रक्रिया चल रही है। अफसरों ने बताया कि, आगामी माघ माह में विवाह मुहूर्त अधिक होने के कारण लोगों का रूझान फरवरी में ही शादी करने को लेकर है। इसी के तहत वैवाहिक जोडे तैयार होने के बाद आगामी दस से बीस फरवरी के बीच विवाह संपन्न कराया जाएगा।

विभाग आवेदनों का कर रहा इंतजार, अगले माह आयोजित होंगे कार्यक्रम

आवंटन मिलने के बाद भी हितग्राही नहीं

विभाग के अफसरों ने बताया कि, इस वित्तिय वर्ष 320 जोडे का विवाह करने का टारगेट दिया गया था। राज्य शासन द्वारा इसमें से 225 जोडे के लिए आबंटन जारी किया है। लेकिन सिर्फ 130 जोडे का ही विभाग ने शादी रचाई है। वही अगले माह जोडे तैयार करने के अनुसार तिथि तय किए जाने की तैयारी है। बहरहाल आवेदन लेने की प्रक्रिया भी चल रही है।



तैयारी चल रही

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना को लेकर आवेदन लिए जा रहे है। संभवत: आगामी दस से बीस फरवरी के बीच में आयोजन होगें।

-अजय शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, दुर्ग

भूपेश बघेल ने दी थी सौगात

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा चुनाव के पहले पचास हजार रूपए प्रत्येक हितग्राही को जारी करने की सौगात दी थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दी गई है। विवाह के अवसर पर प्रत्येक कन्या को 21 हजार रुपए की राशि बैंक खाते या बैंक ड्रॉफ्ट के रूप में दी जाएगी। इसके अलावा 15 हजार रुपए की राशि के उपहार भी दिए जाएंगे। वही आयोजन व्यवस्था और परिवहन पर प्रति कन्या 8 हजार रूपए, इसके साथ विवाह के मौके पर वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री इत्यादि पर खर्च होने थे।

चुनाव : अधिवक्ता संघ के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव की बढ़ी सरगर्मी

16 फरवरी को मतदान और तीसरे दिन परिणाम की होगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की तिथि की घोषणा कर दी गई है। जिसके अनुसार आगामी सोलह फरवरी को जहां मतदान कराया जाएगा। वही दूसरे दिन पदाधिकारी और तीसरे दिन कार्यकारिणी के मिले वोटो की गिनती के बाद चुनाव की घोषणा अठारह फरवरी को कर दिया जाएगा। इधर तिथि की घोषणा होने के बाद दावेदारों में उत्साह का संचार हो गया है, जिसके चलते अब मुद्दो को लेकर चुनावी घोषणा की तैयारी भी है। चुनाव में नई बात यह है कि, इस बार महिलाओं को आरक्षण का पचास फीसदी लाभ मिलेगा।

द्विवार्षिक चुनाव 2024-2025 में 16 फरवरी को 2024 को संपन्न कराया जाएगा। जिसके लिये पांच फरवरी से नामांकन आवेदन स्वीकार किया जाएंगे व 17 व 18 फरवरी को मतगणना का कार्य कर चुनाव का अंतिम परिणाम घोषित भी हो जाएगा। चुनाव अधिकारी ने बताया कि, मतदाता सूची का प्रकाशन 29 जनवरी 2024 को दोपहर ढाई बजे जिला अधिवक्ता संघ्ज्ञ के चुनाव कार्यालय में होगा। वही दावा आपत्ति का निराकरण एक फरवरी को दोपहर ढाई से पांच बजे तक कार्यालय में होगा। अंतिम प्रकाशन दो फरवरी को दोपहर संघ के कार्यालय में होगा। दो फरवरी को ही सभी पदों के लिए प्रत्याशियों को नामांकन पत्र दोपहर तीन से पांच बजे तक किया जाएगा। वही तीन फरवरी व पांच फरवरी को दोपहर ढाई से पांच बजे तक संघ के कार्यालय में प्रदान किया जाएगा। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी बृजेन्द्र कुमार गुप्ता, विशेष चुनाव अधिकारी मुरली मनोहर देवांगन व उपमुख्य चुनाव अधिकारी इसराईल शरीफ, प्रकाश शर्मा, श्याम मिश्रा, राजेश महाडिक, असीम कुमार सिंह, हरेन्द्र प्रसाद शाह होगें।

पहली बार महिलाओं को पचास फीसदी आरक्षण का मिलेगा लाभ

सात फरवरी को फार्म की संवीक्षा

कार्यकारिणी सदस्य (महिला पद आरक्षित सहित) पद के प्रत्याशी प्रत्येक कार्यदिवस में समय 4:30 बजे दोपहर से 5 बजे सांयकाल तक रहेगा। वही नामांकन प्रपत्रों की संवीक्षा 7 फरवरी 2024 को मध्यान्ह 2:30 बजे से संघ के चुनाव कार्यालय में की जाएगी। नामांकन प्रपत्रों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन सात फररी 2024 शाम 5 बजे जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव कार्यालय में की जाएगी। वही आठ फरवरी के दोपहर 2:30 बजे से 5 बजे तक नामांकन वापस लिया जाएगा। शेष विधिमान्य प्रत्याशियों की सूची का अंतिम प्रकाशन नौ फरवरी के दोपहर 2:30 बजे संघ के चुनाव कार्यालय में करेगें। यदि किसी पद के लिए एक ही प्रत्याशी शेष होगा तो इसी दिन उन्हें निर्वाचित घोषित कर दिया जाएगा।

पहले पदाधारी फिर कार्यकारिणी का मतगणना

मतदान तिथि 16 फरवरी 2024 को प्रातः 9 से संध्या 5 बजे तक जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव कार्यालय एवं में ग्रन्थालय के सभागार में कोविड 19 नियमों के पालन अनुसार होगा। वहीं 17 फरवरी को प्रातः 9 बजे से पहले दिन पदाधिकारी और दूसरे दिन अठारह फरवरी को कार्यकारिणी के वोटो की मतगणना होगी। अठारह फरवरी को ही परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्रों की प्रस्तुति

नामांकन प्रपत्र 3 फरवरी 2024 एवं 5 फरवरी 2024 तथा 6 फरवरी 2024 को प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव कार्यालय में संबंधित उप मुख्य चुनाव अधिकारी, सहायक चुनाव अधिकारी के समक्ष निम्नानुसार प्रस्तुत कर सकेगें। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रत्येक कार्यदिवस में समय 2:30 बजे दोपहर से 3 बजे दोपहर तक। उपाध्यक्ष पद (महिला पद आरक्षित सहित), सचिव पद के प्रत्याशी प्रत्येक कार्यदिवस में समय 3 बजे दोपहर से 3:30 बजे दोपहर तक। सह-सचिव पद एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए 3:30 बजे से 4 बजे दोपहर तक। ग्रंथालय सचिव पद एवं सांस्कृतिक क्रीडा सचिव पद के लिए 4 बजे से 4:30 बजे दोपहर तक लिए जाएंगे।

एनजीडीआरएस में अड़ंगा रजिस्ट्री हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन द्वारा जल्द ही जिले में जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए एनजीडीआरएस साफ्टवेयर लांच की गई है। दुर्ग में लागू किए दो दिन हो चुके है। फिलहाल जिला पंजीयक कार्यलय के एसआर वन में ही किया गया है। लेकिन दो दिनों से तकनीकि समस्या ने अफसरों के नींद उडा दिए है। हांलाकि इसकी जानकारी राज्य स्तर पर दी जा चुकी है।

- साफ्टवेयर में बदलाव के बाद शुरू की गई नई व्यवस्था

जानकारी अनुसार रजिस्ट्री करने के दौरान कई बार पक्षकार का डिजीटल साइड साफ्टवेयर में शो नही हो पा रहा है। बुधवार को करीब एसआर वन में तीस रजिस्ट्री की गई। लेकिन अंत के करीब अठारह प्रकरण में यह समस्या बनी रही। जिसे लेकर विभाग के अफसरों ने राज्य स्तर पर सुधार करने की जानकारी दे दी है। जिला पंजीयक पुष्पलता ध्रुवे ने बताया कि, शुरूआत में एसआर वन में इसे लागू किया गया है।

शासन का भरेगा खजाना

उल्लेखनीय हैं कि, वर्ष 2016 से झारखंड की एक कंपनी आईटी सोल्यूशन को दी गई थी। इस कंपनी द्वारा रजिस्ट्री के पहले विभिन्न पेज का स्कैन किया जाता था। प्रति स्कैन साठ रूपए के दर से 6 सौ रूपए से अधिक की राशि हितग्राहियों को खर्च करना पडता था। लेकिन वर्तमान में लांच होने वाला साफ्टवेयर सरकारी है। स्कैन का पैसा सीधे सरकारी खजाने में जमा होगा।

राजेन्द्र पार्क में फ्लावर शो 28 को

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत निगम द्वारा शहर के राजेन्द्र पार्क में फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। फ्लावर शो में हजारों प्रजातियों के फूलों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तैयारियों को लेकर अधिकारी जुटे हुए है। महापौर धीरज बाकलीवाल व पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा ने बताया कि 28 जनवरी को राजेन्द्र पार्क में फ्लावर शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। फ्लावर को लेकर राजेन्द्र पार्क में बैठक आयोजित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 24 जनवरी से रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजेंद्र पार्क में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ रंग रोगन पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्थाओं के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं का इंतजाम करने के दिए निर्देश।

गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए किया गया अंतिम पूर्वाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और एसएसपी आरजी गर्ग की मौजूदगी में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। एडीएम अरविंद एक्का ने पूर्वाभ्यास के दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। मंच पर मुख्य अतिथि के आगमन व ध्वजारोहण का अभ्यास के साथ ही कलेक्टर और एसएसपी के साथ परेड निरीक्षण, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, खूले आकाश में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ने, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीइओ अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर गोकुल रावटे, एसडीएम मुकेश रावटे, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जयसवाल सहित पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

- आकाश में छोड़े गए रंग-बिरंगे गुब्बारे

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे ध्वजारोहण

जिले में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। जिला स्तरीय मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और एसएसपी आरजी गर्ग ने सभी तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गैस रिफिल के दाम ज्यादा तो करें शिकायत

दुर्ग। सभी आईल कंपनियों के गैस वितरकों द्वारा गैस उपभोक्ताओं को घर पहुंच सेवा दी जा रही हैं। शासन के संज्ञान में यह बात आई है कि कतिपय गैस वितरक डिलीवरी ब्वाय द्वारा घरेलू गैस रिफिल डिलीवरी के समय निर्धारित दर से अधिक राशि ली जा रही है। खाद्य नियंत्रक सीपी दिपांकर ने जिले के सभी उपभोक्ताओं से कहा है कि वे गैस रिफिल प्राप्त करते समय गैस वितरक द्वारा जारी बिल पर्ची अवश्य लें तथा उसमें उल्लेखित राशि के अतिरिक्त राशि का भुगतान न करें। अधिक राशि की मांग करने वाले गैस डीलर, डिलीवरी ब्वाय के विरूद्ध संबंधित गैस एंजेसी के सेल्स ऑफिसर को शिकायत कर सकते हैं। इन्डेन गैस हेतु मो.नंबर 9425013764, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के लिए 9934300040, भारत पेट्रोलियम के लिए 9032016564 पर शिकायत कर सकते है। इसके अलावा काल सेंटर नंबर 1906 का भी उपयोग घरेलू गैस संबंधी शिकायतें दर्ज कराने के लिए किया जा सकता है।

- सेल्स आफिसर से करें शिकायत



गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन

असफलता से न हों निराश : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना एवं राजगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति

मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने की। विषिष्ट अतिथि विनायक नाथू थे। विधायक ने कहा कि परीक्षा में पास होना ही सफलता नहीं है वरन जीवन की परीक्षा में पास होना ही सर्वश्रेष्ठ सफलता है। जीवन में असफलता प्राप्त होने पर हताष या निराष नहीं होना है, अपितु अपनी योग्यताओं को निखारते हुए प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन पत्रिका कैम्पस न्यूज का विमोचन अतिथि द्वारा किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण में सभी संकायों के अंतिम वर्ष की सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ियों तथा महाविद्यालय की उत्कृष्ट प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया।इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसमें-समूह गान, समूह नृत्य, एकल नृत्य, योग नृत्य की प्रस्तुती दी गई। छत्तीसगढ़ी नृत्यों की सभी प्रतिभागी छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। वरिष्ठप्राध्यापक डॉ. डीसी अग्रवाल के साथ ही प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण तथा छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।